भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1814
सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**बरेली में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना**

**1814. श्री छत्रपाल सिंह गंगवार:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बरेली के धार्मिक स्थलों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु कुल कितनी निधि आवंटित की गई है; और

(ख) बरेली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने हेतु कौन-कौन सी विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। इन योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं को प्रस्तुत करने का कार्य सतत रुप से जारी रहता है। योजना के अंतर्गत परियोजनाओं के विकास के लिए उनकी पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना के दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग के अध्यधीन मंजूरी दी जाती है। इस समय, बरेली के धार्मिक स्थलों को पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करने से संबंधित प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। तथापि पर्यटन मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): बरेली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों के विकास और संवर्धन का कार्य संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपने सतत प्रयासों के भाग के रुप में विभिन्न योजनाओं और पहलों, संवर्धनात्मक गतिविधियों, आयोजनों, वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रोत्साहनों आदि के माध्यम से बरेली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देता है।

*****

**अनुबंध**

श्री छत्रपाल सिंह गंगवार द्वारा बरेली में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1814 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

**उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | वाराणसी का विकास - चरण-I | 2015-16 | 18.73 |
| 2. | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटन परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 |
| 3. | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 |
| 4. | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| 5. | वाराणसी का विकास - चरण II | 2017-18 | 44.60 |
| 6. | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 |

**प्रशाद योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में चिह्नित स्थलों की सूची**

| क्र.सं. | परियोजना |
|---|---|
| 1. | आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित श्री काली मंदिर, चौक, लखनऊ ज़िला |
| 2. | ब्रज, मथुरा जिला के तीर्थ यात्रा स्थल |

**उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परिपथ का नाम/वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 2. | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव) - प्रतापगढ़ - कौशांबी - मिर्ज़ापुर - गोरखपुर - डोमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 4. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 5. | हेरिटेज परिपथ | कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) | 36.65 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 2016-17 | - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुआर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | |
| 6. | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 7. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 |
| 8. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाष्णि मंदिर (डोमरियागंज) का विकास | 18.30 |

**उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र.सं. | गंतव्य | एक्सपीरिएंस का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रयागराज | आज़ाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपो | 13.02 |
| 2. | नैमिषारण्य | वैदिक- कल्याण अनुभव | 15.94 |

**पर्यटन मंत्रालय की चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत गंतव्यों की सूची**

| क्र.सं. | गंतव्य | श्रेणी | वित्तपोषण की राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | महोबा | संस्कृति और विरासत | 25.00 |

**भारत में एसएएससीआई के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची नीचे दी गई है:**

| राज्य | परियोजना का नाम | लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 1. बटेश्वर, जिला - आगरा का विकास | 74.05 |
| | 2. एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास, श्रावस्ती | 80.24 |

**उत्तर प्रदेश में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1. | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों पर प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मान महल) | 5.12 |
| 2. | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों पर प्रकाश व्यवस्था<br>1. दशाश्वमेध घाट से दरभंगाघाट (300 मीटर तक विस्तार)<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | 2.93 |

*****